श्रीरामफार्म सोल्यूशन्स के फसल सुरक्षा के लिए एग्री-इनपुट लॉन्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

भारत के अग्रणी कारोबार सदन डीसीएम श्रीराम लिमिटेड की एक युनिट श्रीराम फार्म सोल्यूशन्स ने विशिष्ट पोषण एवं फसल सुरक्षा (स्पेशलटी न्यूट्रिशन एवं क्रॉप प्रोटेक्शन) में नए एग्री-इनपुट्स का लॉन्च किया। श्रीराम फार्म सोल्यूशन्स ने किसानों को उनकी उत्पादकता बढ़ाने में मदद करने के लिए ये आधुनिक अनुसंधान -उन्मुख उत्पाद पेश किए हैं। स्पेशलटी न्यूट्रिशन में लॉन्च किए गए दो आधुनिक उत्पाद हैं- श्रीराम जेन-ज़ैड एवं श्रीराम ज़नि ड्रिप। ज़ैन-ज़ैड आधुनिक पीढ़ी का बायो स्टिमुलेन्ट है। ज़ैन-ज़ैड में आने वाले विभिन्न मेटाबोलाइट सुनिश्चित करते हैं कि पौधा जैविक एवं अजैविक तनाव को सहन कर सके तथा अपनी आनुवंशिक क्षमता के अनुरूप उत्कृष्ट परफोर्मेन्स दे सके। ज़नि ड्रिप, यूरोप से स्मार्ट फ्लो तकनीक द्वारा पावर्ड जिंक संस्पेंशन उत्पाद है, जो बेहतर सस्पेन्शन क्षमता, स्प्रे क्षमता और पोषण प्रदान करता है। इस उत्पाद के इस्तेमाल से फसल का परफोर्मेन्स बेहतर होता है, उत्पादकता बढ़ती है तथा पौधे में पोषण अवशोषण का स्तर बढ़ने से फसल की गुणवत्ता में सुधार होता है।

खराब मौसम के चलते फसलों को नुकसान न पहुंचे

दो खरपतवार नाशक श्रीराम कोपिस और श्रीराम शासक का लॉन्च किया गया है जो



सोयाबीन के किसानों के लिए मददगार है और 7 से 14 दिनों के अंदर खरपतवार को नष्ट कर देते हैं। इसके अलावा श्रीराम फार्म सोल्यूशन्स ने 3 अन्य फसल सुरक्षा उत्पाद- श्रीराम एलेक्से, श्रीराम शिमोग और श्रीराम सुप्रावेत का भी लॉन्च किया है। संजय छाबड़ा, प्रेज़ीडेंट एवं बिज़नेस हैड, श्रीराम फार्म सोल्यूशंस ने कहा, श्रीराम दुनिया की सर्वश्रेष्ठ तकनीकों को किसानों तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है ताकि खराब मौसम के चलते फसलों को नुकसान न पहुंचे। हमें विश्वास है कि श्रीराम के इन उत्पादों से किसानों की उत्पादकता बढ़ेगी।